### मैग्नम कार्निवल सीजन् 7 का आयोजन

# 750 बच्चों को फिल्म वारिसु दिखाई ग

चेन्नई @ पत्रिका. रोटरी क्लब ऑफ़ मद्रास मैग्नम, जो रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3234 का हिस्सा है, ने हाल में अपने वार्षिक प्रमुख आयोजन मैग्नम कार्निवल का सातवां संस्करण आयोजित किया। इस पहल के अंतर्गत 750 वंचित बच्चों को विभिन्न चाइल्ड केयर होम्स से लाकर शिवशक्ति सिनेमा पाड़ी में फिल्म वारिसु दिखाई गई। क्लब ने इस दिन को खास बनाने के लिए हर पहलू की जिम्मेदारी स्वयं उठाई। निजी बसों से पिक-अप और ड्रॉप, पौष्टिक नाश्ता, स्नैक्स, दोपहर का भोजन, गुडी बैग और लाइव मनोरंजन। बच्चों के चेहरों पर झलकती उत्सुकता, हंसी और खुशी इस कार्यक्रम की सफलता की सच्ची गवाह थी। रोटरी क्लब ऑफ मद्रास मैग्नम के अध्यक्ष सिद्धार्थ डागा ने कहा हर साल अगस्त में इस आयोजन के जरिये बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखना हमें बेहद भावनात्मक संतोष देता है। मैग्नम कार्निवल की खासियत यह है कि इसके हर छोटे-बड़े काम फंड जुटाना, योजना बनाना, लॉजिस्टिक्स से लेकर भोजन तक क्लब के सभी सदस्य स्वयं पूरे जुनून, प्यार और समर्पण के साथ करते हैं।



मैग्नम कार्निवल सीजन् 7 में शामिल बच्चे।

पत्रिका
विस्तृत खबरों और फोटोग्राफ्स के लिए देखें...
patrika.com